**Series ЄFGHE/C** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# विधिक अध्ययन
# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **40** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*सामान्य निर्देश :*

1. *इस प्रश्न-पत्र में के 4 खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*
   - *1.1 खण्ड क – बहुवैकल्पिक प्रश्न*
   - *1.2 खण्ड ख – 2 अंक*
   - *1.3 खण्ड ग – 3 अंक*
   - *1.4 खण्ड घ – 5 अंक*
2. *प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं है ।*

## खण्ड – क

**1.** ब्रिटिश काल के अंतर्गत भारतीय न्यायालय प्रणाली में निम्नलिखित में से कौन-सा न्यायिक निकाय शीर्षस्थ निकाय था ? *1*

I. सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय)

II. प्रिवी कौंसिल

III. फेडरल कोर्ट (परिसंघीय न्यायालय)

(a) केवल I

(b) I और II दोनों

(c) II और III दोनों

(d) I और III दोनों

**2.** उस किस्म के "अंतरण" (transfer) को पहचानिए जिसमें निम्नलिखित विशेषताएँ हैं : *1*

I. यह स्वैच्छिक है ।

II. यह जीवित व्यक्तियों के बीच होता है ।

III. इसके लिए पंजीकृत लिखत (registered instrument) की आवश्यकता होती है ।

IV. इसमें दाता (donor) और प्राप्तकर्ता (अदाता) (donee), दो पक्षकार होते हैं ।

(a) उपहार (gift)

(b) बिक्री (sale)

(c) विनिमय (exchange)

(d) पट्टा (lease)

***General Instructions :***

1. The question paper contains 4 sections – A, B, C and D.

   1.1 Section A – Multiple Choice Questions

   1.2 Section B – 2 marks

   1.3 Section C – 3 marks

   1.4 Section D– 5 marks

2. Internal choice is given in the paper, there is no overall choice.

## Section A

**1.** Which of the following judicial bodies were at the apex of Indian court system under the British era ? *1*

I Supreme Court

II Privy Council

III Federal Court

(a) Only I

(b) Both I and II

(c) Both II and III

(d) Both I and III

**2.** Identify the type of 'transfer' that is characterised by the following elements : *1*

(a) It is voluntary.

(b) It is between living persons.

(c) It needs a registered instrument.

(d) It involves two parties, donor and donee.

(a) Gift

(b) Sale

(c) Exchange

(d) Lease

**3.** ***गलत*** विकल्प को चुनिए । *1*

(a) माध्यस्थता (mediation), मुकद्मे (litigation) से कम औपचारिक है ।

(b) माध्यस्थता, पक्षकारों की स्वेच्छा पर आधारित है ।

(c) माध्यस्थता इसके परिणामों (निष्कर्षों) के संबंध में बाध्यकारी है ।

(d) माध्यस्थता गोपनीय होती है ।

**4.** अनुकल्पी विवाद समाधान (ADR) क्यों मुकदमे से अधिक सफल है ? *1*

(a) ए.डी.आर. (ADR) अधिक खर्चीला होता है अत: विवाद समाधान की गुणवत्ता (quality) मुकदमे से बेहतर होती है ।

(b) ए.डी.आर. की प्रक्रिया मुकदमे से अधिक समय लेती है ।

(c) ए.डी.आर. अधिक औपचारिक होता है और प्रक्रियात्मक कानूनों को सख्ती के साथ अपनाता है ।

(d) ए.डी.आर. अनौपचारिक (informal) होता है और मुकदमे की प्रक्रिया से अधिक लचीला होता है ।

**5.** Logoto लिमिटेड और Milky Way लिमिटेड, इन दो कंपनियों ने अपरिष्कृत कपास फाइबर (fibre) खरीदने और उसकी आपूर्ति करने के लिए एक संविदा (contract) की । Logoto लिमिटेड द्वारा यह फाइबर बांग्लादेश से प्राप्त किया जाता है । कच्चे माल की कीमतों में एकाएक वृद्धि हो जाने के कारण Milky Way लिमिटेड की पूर्व सहमति से लोगोटो Lgoto लिमिटेड संविदा की कुछ शर्तों को संशोधित करना चाहती है ।

यह निम्नलिखित के द्वारा संविदा का निर्वहन है : *1*

(a) संविदा भंग (breach)

(b) संविदा विलयन (merger)

(c) संविदा नवीयन (novation)

(d) संविदा परिवर्तन (alteration)

**3.** Choose the ***incorrect*** option : *1*

(a) Mediation is less formal than litigation.

(b) Mediation is premised on voluntary will of parties.

(c) Mediation is binding with respect to its outcome.

(d) Mediation is confidential.

**4.** Why is Alternative Dispute Resolution (ADR) more successful than litigation ? *1*

(a) ADR is expensive therefore the quality of dispute resolution is better than litigation.

(b) ADR is slower than litigation.

(c) ADR is more formal and follows the procedural laws strictly.

(d) ADR is informal and more flexible than the litigation process.

**5.** Logoto Ltd. and Milky Way Ltd, two companies, entered into a contract for buying and supplying of coarse cotton fibre. This fiber is sourced by Logoto Ltd. from Bangladesh. Due to the sudden increase in the cost of raw materials, Logoto Ltd wanted to modify certain terms of the contract with the prior consent of Milky Way Ltd.

This is discharge of contract by : *1*

(a) Breach

(b) Merger

(c) Novation

(d) Alteration

**6.** *अभिकथन* (A) *:* अपकृत्य (torts) अधिकांशत: सामान्य कानून के विषय हैं । *1*

*तर्क* (R) *:* अपकृत्य कानून अथवा अपकृत्य-कानून नियमावली को संसद द्वारा किसी संविधि या पारित अधिनियम से तैयार नहीं किया जाता, बल्कि न्यायिक निर्णयों से तैयार किया जाता है ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**7.** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन का क्या उद्देश्य था ? *1*

(a) निरंतर विकास

(b) राष्ट्रों के बीच अधिक सहयोग बढ़ाना

(c) सामाजिक न्याय प्राप्त करना

(d) सदस्य देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करना

**8.** *अभिकथन* (A) *:* राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत, सामाजिक-आर्थिक अधिकार हैं ।

*तर्क* (R) *:* राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत किसी भी विधिक न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय (enforceable) नहीं हैं । *1*

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

6. *Assertion (A) :* Torts are mostly a common law subject. *1*

*Reason (R) :* Tort law or the rules of tort law are developed not from a statute or act passed by Parliament, but from judicial decisions.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

7. What was the objective of International Labour Organisation ? *1*

(a) Sustainable development

(b) To foster greater cooperation between nations

(c) To achieve social justice

(d) To provide financial assistance to member countries

8. *Assertion (A) :* Directive Principles of State Policy are socio-economic rights.

*Reason (R) :* Directive Principles of State Policy are not enforceable by any court of law. *1*

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** *अभिकथन* (A) : मंदिरों में जिन दानों का उपयोग किसी धार्मिक संप्रदायों के अनुरक्षण के लिए किया जाता है, उन पर कर नहीं लगाया जा सकता ।

*तर्क* (R) : संविधान का अनुच्छेद 26, सभी धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक कार्यों के प्रबंधन का अधिकार प्रदान करता है । *1*

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**10.** वर्ष 1980 में राष्ट्रीय विधिक सहायता कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता किसने की ? *1*

(a) न्यायूमर्ति कृष्ण अय्यर

(b) न्यायमूर्ति पी.एम. भगवती

(c) बी. शिवरमय्या

(d) प्रोफेसर एन.आर. माधव मेनन

**11.** नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए प्रिया को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल में रखा गया है । उसे सौंपे गये एक मामले से वह अलग होना चाहती है । इस परिस्थिति में निम्नलिखित में से क्या संभव है ? *1*

(a) इसे पूरा किये बिना प्रिया बीच में ही मामले को नहीं छोड़ सकती ।

(b) मामला छोड़ने से पहले प्रिया को उच्च न्यायालय से अनुमति लेनी होगी ।

(c) प्रिया सदस्य सचिव को अपना अनुरोध भेज सकती है और वह इसके लिये अनुमति दे सकता है ।

(d) किसी वरिष्ठ वकील को उनकी तरफ से यह मामला अपने हाथ में लेने का अनुरोध प्रिया को करना होगा ।

**12.** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्रवेश पाने के लिए किसी विधि के अभ्यर्थी को ________ परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । *1*

(a) CLAT (b) LSAT

(c) AILET (d) LSAC

**9.** *Assertion (A) :* Donations in temples that are used for the upkeep of a religious denomination cannot be taxed.

*Reason (R) :* Article 26 provides the right to every religious denomination to manage their religious affairs. *1*

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** Who headed the Committee on National Implementation of Legal Aid in 1980 ? *1*

(a) Justice Krishna Iyer

(b) Justice P.N. Bhagwati

(c) B. Sivaramayya

(d) Professor N.R. Madhava Menon

**11.** Priya is empanelled to provide free legal services with the District Legal Services Authority. She wishes to withdraw from a case entrusted to her. Which of the following is possible in the given situation ? *1*

(a) Priya cannot leave a case in its middle without completing it.

(b) Priya has to seek permission from the High Court before she drops the case.

(c) Priya can communicate the request to the Member Secretary and the latter may permit her to do so.

(d) Priya has to request a Senior Advocate to take up the case on her behalf.

**12.** For admission to National Law University, Delhi, a law aspirant has to clear. *1*

(a) CLAT (b) LSAT

(c) AILET (d) LSAC

**13.** किस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अंतर्गत मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (High Commissioner) के पद का सृजन किया गया ? *1*

(a) सिविल और राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (Covenant)

(b) मानवाधिकार वैश्विक घोषणा

(c) वियना घोषणा एवं कारवाई कार्यक्रम

(d) वर्साय (Versailles) की संधि

**14.** अभिवक्ता (Pleader) के रूप में सुश्री. हाजरा का नामांकन करने से क्यों इंकार कर दिया गया । *1*

(a) सुश्री हाजरा के पास बी.एल. की डिग्री थी और बैचलर ऑफ लॉ की डिग्री (LLB) नहीं थी ।

(b) केवल ब्रिटिश, स्कॉटिश और आइरिश मूल के लोगों को अभिवक्ता के रूप में नामांकन करने की अनुमति थी ।

(c) सुश्री हाजरा ने अपनी एल.एल.एम (LLM) की डिग्री पूरी नहीं की थी ।

(d) अभिवक्ता के रूप में नामांकन के लिए विधि व्यवसायी अधिनियम (Legal Practitioner's Act) में पुरुषों का उल्लेख किया गया है और महिलाओं का नहीं ।

**15.** राज्य की नामावली में नामांकित अधिवक्ताओं (Advocates) को प्रैक्टिस शुरू करने के योग्य बनने के लिए एक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है । इस अतिरिक्त आवश्यकता की पहचान कीजिए । *1*

(a) अखिल भारतीय विधि (bar) परीक्षा

(b) संसद सदस्य का विधान सहायक (Legistative Assistant)

(c) अखिल भारतीय न्यायिक सेवा परीक्षा

(d) मास्टर ऑफ लॉ

उद्धारण (passage) आधारित प्रश्न **16** से **20** तक

नीचे दिए गए को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दिजिए ।

दंड प्रक्रिया संहिता (Cr.P.C.) का उद्देश्य अपराधियों से पूछताछ और परीक्षण के लिए एक क्रियाविधि (mechanism) प्रदान करना है ।

किसी आपराधिक कानून के अंतर्गत, भले ही यह भारतीय दंड संहिता (IPC) या किसी अन्य कानून के अधीन वर्गीकृत अपराध में आता हो, अपराध करने वाले किसी व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय में पुलिस कार्रवाई द्वारा अपराधों की जाँच करने के लिए यह नियमावली निर्धारित करती है । अपराधिक दंड संहिता किसी अपराध के अन्वेषण, पूछताछ और परीक्षण के तरीके और स्थान को निर्धारित करती है ।

**13.** Under which international arrangement was the post of UN High Commissioner for Human Rights created ? *1*

(a) International Covenant on Civil and Political Rights

(b) Universal Declaration of Human Rights

(c) The Vienna Declaration and Programme of Action

(d) Treaty of Versailles

**14.** Why was Ms. Hazra refused enrolment as a Pleader ? *1*

(a) Ms. Hazra had a BL degree and not a LLB degree.

(b) Only people of British, Scottish and Irish origin were allowed to be enrolled as pleaders.

(c) Ms. Hazra did not complete her LLM degree.

(d) Legal Practitioner's Act referred to males and not females to be enrolled as Pleaders.

**15.** Advocates, enrolled in the State rolls, need to clear an exam in order to be able to start practice. Identify this additional requirement. *1*

(a) All India Bar Examination

(b) Legislative Assistant to Members of Parliament

(c) All India Judicial Services Examination

(d) Master of Law

Passage-Based Questions ***16-20***.

Read the passage given below and answer the questions that follow.

The object of the Criminal Procedure Code (CrPC) is to provide a mechanism for the investigation and trial of offenders.

It lays down the rules for conduct of investigation into offences by the police proceedings in court against any person who has committed an offence under any criminal law, whether it is IPC or a crime classified under any other law. CrPC provides the manner and place, where investigation, inquiry and trial of an offence shall take place.

**16.** पूछताछ करने के लिए कौन उत्तरदायी है ? *1*

(a) न्यायिक मजिस्ट्रेट (b) पुलिस

(c) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश (d) सत्र–न्यायाधीश

**17.** अपराधिक दंड संहिता का क्या उद्देश्य है ? *1*

(a) निर्धारित दंड के साथ अपराधों के बारे में विस्तार में बताना ।

(b) साक्ष्य की स्वीकार्यता में अयथार्थता (त्रुटि) को रोकना ।

(c) अन्वेषण, पूछताछ और परीक्षण में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण देना ।

(d) भारत में एक समान सिविल कोड को निर्धारित करना ।

**18.** अन्वेषण का क्या उद्देश्य है ? *1*

(a) अभियुक्त को दोषी सिद्ध करना

(b) परीक्षण के लिए साक्ष्य एकत्र करना

(c) अभियुक्त को छोड़ना

(d) "भूसे से गेहूँ" अलग करना

**19.** आरोप लग जाने के बाद ही वास्तविक परीक्षण शुरू होता है । किस स्तर पर आरोपी को सत्र (Sessions) के सुपुर्द किया जाए या छोड़ दिया जाए इसका निर्णय लिया जाता है ? *1*

(a) अन्वेषण

(b) मुख्य जाँच

(c) पूछताछ

(d) समझौता अभिवचन (Plea bargaining)

**20.** भारत में, अपराध दंड संहिता में निहित अपराधी परीक्षण पद्धति, अभियोग पद्धति में प्रतिपक्षी आधारित है । निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही है ? *1*

(a) सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रतिरक्षी (defense) किसी अपराध के होने का दोषारोपण अभियोजन पर करता है ।

(b) आरोपित व्यक्ति को अपराधी होने की उपधारणा की जाती है ।

(c) अभियोजन द्वारा उचित संदेहों से परे अपराध को सिद्ध किया जाना चाहिए ।

(d) कानून यह अपेक्षा करता है कि प्रतिरक्षी उचित (defense) संदेह से परे अपने मामलें को सिद्ध करे ।

**16.** Who is responsible for conducting the investigation ? *1*

(a) Judicial Magistrate (b) Police

(c) Judge of High Court (d) Sessions Judge

**17.** What is the objective of CrPC ? *1*

(a) To elaborate on the offences with the prescribed punishments.

(b) To prevent the inaccuracy in admissibility of evidence.

(c) To elaborate details about the procedure to be followed in investigation, inquiry and trial.

(d) To lay down a uniform civil code in India.

**18.** What is the objective of investigation ? *1*

(a) To hold the accused guilty

(b) To collect the evidence for trial

(c) To discharge the accused

(d) To separate the 'wheat from the chaff'

**19.** The actual trial starts only after the charge has been framed. At which stage is the decision to commit the accused to the Sessions or to be discharged taken ? *1*

(a) Investigation

(b) Examination-in-chief

(c) Inquiry

(d) Plea Bargaining

**20.** In India, the system of criminal trial envisaged by the CrPC is adversary based on accusatorial method. Which of the following statements is true ? *1*

(a) The defense representing the State accuses the prosecution of the commission of some crime.

(b) The accused person is presumed to be guilty.

(c) Guilt should be proven beyond reasonable doubt by the prosecution.

(d) The law requires the defense to prove its case beyond reasonable doubt.

## खण्ड – ख

**21.** भारतीय नागरिक अनुष्का और जर्मन नागरिक डेविड संयुक्त राज्य अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में कानून की पढ़ाई कर रहे हैं । अपने-अपने देशों की न्याय निर्णयन (adjudicatory) प्रणालियों पर चर्चा करते हुए वह यह समझते हैं कि उनके न्यायधीशों और अधिवक्ताओं की भूमिका में अंतर हो सकता है परंतु इस प्रणाली का उद्देश्य पीड़ित (अपकृत) को न्याय दिलाना ही है ।

उपयुक्त उदाहरण के आधार पर भारतीय न्याय प्रणाली और जर्मन न्याय प्रणाली के बीच में दो अंतर बताइए । *2*

**22.** भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता, जनतंत्र में निगरानी रखने वाले की अपनी भूमिका से कैसे जुड़ी है ? *2*

**अथवा**

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायधीशों के सेवा काल की सुरक्षा किस प्रकार भारतीय संविधान द्वारा सुनिश्चित की जाती है ?

**23.** रवि ने बृजेश की जमीन की सीमा के बिल्कुल पास एक खाई खोदी । खाई खोदते समय बृजेश के प्लॉट मे एक भूमिगत केबल (cable) कट गया और रवि को बिजली का झटका लगा । उसने बृजेश के विरुद्ध लापरवाही का मुकदमा कर दिया । बृजेश ने उस पर अपनी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाया ।
इन दोनों में से किसकी गलती है ? कारण बताते हुए इसका औचित्य दीजिए । *2*

**24.** अपराध के मुख्य स्तरों की सूची बनाइए । कौन से स्तर/स्तरों द्वारा आपराधिक जिम्मेदारी ***नहीं*** बनती और क्यों ? *2*

**25.** भारतीय संसद द्वारा संविधान के भाग III के कुछ प्रावधानों को रद्द करते हुए एक सांविधिक संशोधन पारित किया गया था । एक जनहित याचिका (PIL) के द्वारा इसे शीर्षस्थ न्यायालय में चुनौती दी गई । उस सिद्धांत को बताइए और स्पष्ट कीजिए जिसके द्वारा शीर्षस्थ न्यायालय इस पी.आई.एल. को स्वीकार करने को प्राधिकृत है । *2*

**26.** निशित ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी LLB डिग्री पूरी कर ली है । वह विधिक व्यवसाय में अपने अवसर तलाश रहा है और उसने एक विधि फर्म को ज्वाइन (Join) कर लिया है । विधि फर्म में काम करते हुए वह निशित को क्या अवसर प्रदान कर सकती है ? *2*

## Section B

**21.** Anushka, an Indian national, and David, a German citizen, are studying law at Yale University, USA. Discussing about the adjudicatory system followed in their respective countries, they understood that the role played by the judges and advocates may vary but the process is directed towards justice for the aggrieved.

Give two differences between the Indian Judiciary System and German Judicial System, based on the above excerpt. *2*

**22.** How is independence of Indian Judiciary linked to its role as the watchdog in democracy ? *2*

**OR**

How is security of tenure of the judges of Supreme Court and High Courts ensured by the Constitution of India ?

**23.** Ravi dug a trench close to the boundary of Brijesh's land. While digging the trench, an underground cable in Brijesh's plot snapped and Ravi got an electric shock. He sued Brijesh for negligence. Brijesh accused him for trespass to land.

Who among the two is at fault ? Justify giving reasons. *2*

**24.** Enlist the key stages of crime. Which stage(s) do ***not*** give rise to criminal liability and why ? *2*

**25.** A constitutional amendment was passed by the Indian Parliament abrogating some provisions of Part III of the Constitution. This was challenged in the apex court through a Public Interest Litigation (PIL).

Identify and explain the principle that authorizes the apex court to admit this PIL. *2*

**26.** Nishit has completed his LLB degree from the University of Delhi. He is looking for avenues in legal profession and has joined a law firm. What opportunities can practice in a law firm provide Nishit ? *2*

**27.** अधिवक्ताओं द्वारा विज्ञापन करना "एक दुधारी तलवार" सिद्ध हो सकती है । टिप्पणी कीजिए । *2*

**अथवा**

"Ambulance Chasers" (दुर्घटना-व्यवसायी वकील) कौन हैं ? भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में उनकी स्थिति का विश्लेषण कीजिए ।

**28.** ए बी सी अपार्टमेंट के निवासी श्री मोहक मल्होत्रा को दिसम्बर 2022, के महीने से संबंधित ₹ 1 लाख का बिजली का बिल प्राप्त हुआ । इस भारी भरकम धनराशि के बिल पर उसे आश्चर्य हुआ और वास्तविक बिजली की खपत और इस बिल के कारणों को जानने के लिए उसने बिजली विभाग से संपर्क किया । अनेक बार बिजली कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ और उसे बिजली कनेक्शन काटने का नोटिस मिला । इसके बाद वह अपने एक अधिवक्ता मित्र से मिला । उसके अनुसार इस पर एक सिविल मुकदमे की सलाह नहीं दी जा सकती बल्कि उसने श्री मल्होत्रा को एक निकाय (body) के पास जाने का निर्देश दिया जो ऐसे विवादों के लिए सबसे उत्तम है ।

इस निकाय को पहचानिए और स्पष्ट कीजिए कि श्री मल्होत्रा के मुद्दे के समाधान के लिए यह "सर्वोत्तम उचित" निकाय क्यों है ? *2*

## खण्ड – ग

**29.** नीचे लैटिन के दो सूत्र दिग गये हैं । भारतीय न्याय प्रणाली में उनके अर्थ और उनके अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए । *3*

(क) "Actus non facit reum, nisi mens sit rea"

(ख) "Ut lite pendente nihil innovetur"

**30.** भारत में विधि व्यवसाय को विनियमित करने के लिए अधिवक्ता अधिनियम 1961, द्वारा स्थापित दो निकायों के नाम बताइए ।

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित निकाय के किन्हीं चार सांविधिक कार्यों का उल्लेख कीजिए । *3*

**31.** लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013, के संबंध में निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए : *3*

(क) इस अधिनियम के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) लोकपाल के गठन को स्पष्ट कीजिए ।

**27.** Advertising by advocates can be a "double-edged sword". Comment. *2*

**OR**

Who are 'Ambulance Chasers' ? Analyse their position in India and USA.

**28.** Mr. Mohak Malhotra, a resident of ABC Apartments, received an electricity bill for ₹ 1 lakh for the month of December 2022. Bewildered by this huge bill amount, he approached the Electricity Department to know the actual consumption and reason for this bill. His repeated visits to the electricity office did not help and he received a disconnection notice. He then approached his friend who happens to be an advocate. According to him, a civil suit was not advisable, instead he directed Mr. Malhotra to the body that is best suited for such disputes.

Identify the body and explain why it is 'best suited' for handling the issue of Mr. Malhotra. *2*

## Section C

**29.** Given below are two Latin maxims. Explain their meanings and their application in the justice system of India. *3*

(a) "Actus non facit reum, nisi mens sit rea"

(b) "Ut lite pendente nihil innovetur"

**30.** Name the two bodies established by the Advocates Act 1961, to regulate legal profession in India.

State any four statutory functions of the body established at the national level. *3*

**31.** With respect to Lokpal and Lokayuktas Act, 2013, answer the following questions : *3*

(a) State the objectives of the Act.

(b) Explain the composition of the Lokpal.

**32.** भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायधीशों की वर्तमान नियुक्ति–प्रणाली का विकास हंगामे वाली प्रक्रिया का परिणाम रहा है परंतु, यह न्यायिक नियुक्तियों के लिए नियमों को शासित करता है । न्यायिक नियुक्तियों की इस आधुनिक पद्धति के इतिहास का पता कीजिए । *3*

**33.** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) की संविधि (कानून) के अनुच्छेद 38(1) में उल्लिखित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुख्य स्रोतों को स्पष्ट कीजिए । *3*

**34.** एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के लिए रघु को गिरफ्तार किया गया ।

जब उसे मजिस्ट्रेट के पास पेश किया गया तो रघु ने दोषी न होने की पैरवी की । मजिस्ट्रेट ने सत्र न्यायालय में उसके परीक्षण का आदेश दिया ।

कानूनी व्यपदेशन (प्रक्रिया) के लिए रघु के पास साधन नहीं थे ।

(क) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए क्या रघु अपनी प्रतिरक्षा हेतु एक वकील प्राप्त कर सकता है ?

(ख) रघु को कानूनी सहायता क्यों दी जानी चाहिए ? *3*

**35.** हमारी महान ऐतिहासिक विरासत की जानकारी जेन-X को देने के उद्देश्य से प्रसिद्ध इतिहासकार सूरज भान ने सोशियल मीडिया में एक चैनल शुरू किया । भारतीय इतिहास के अज्ञात और अप्रकाशित तथ्यों को सामने लाने के लिए उसने विडियो जारी किये, साक्षात्कार लिए और Blogs (ब्लॉग्स) दिए ।

"ब्रिटिश शाासन के अधीन भारत" के बारे में एक ऐसा साक्षात्कार विवादास्पद बन गया और विरोध में कुछ लोग सड़कों पर उतर आये । किसी आगे की समस्या से बचने के लिए राज्य मशीनरी ने चैनल से उस साक्षात्कार को हटाने का आदेश जारी किया और सूरज भान को जनता के सामने माफी माँगने को कहा गया ।

सूरज भान ने आदेश मानने से इनकार किया और वह न्याय के लिए उच्च न्यायालय पहुँच गया । भारतीय संविधान कें अनुच्छेद 19 के परिप्रेक्ष्य में इस बारे में चर्चा कीजिए कि क्या राज्य सरकार ने उचित रूप से कार्य किया था अथवा सूरज भान ने राज्य आदेशों को न मानकर सही किया ? *3*

**32.** The development of the modern system of appointment of judges to the Supreme Court and High Courts in India has been a result of tumultuous process, but governs the rule for judicial appointments. Trace the history of this modern day method of judicial appointments. *3*

**33.** Explain the main sources of International Law as stated in Article 38(1) of the Statute of International Court of Justice (ICJ). *3*

**34.** Raghu was arrested for murdering a minor girl after sexually abusing her.

When produced before the magistrate, Raghu pleaded not-guilty. The magistrate ordered for trial before the Sessions Court.

Raghu did not have the means to arrange for legal representation.

(a) Stating the provisions of Code of Criminal Procedure 1973, can Raghu get an advocate to defend himself ?

(b) Why should legal aid be given to Raghu ? *3*

**35.** Suraj Bhan, a famous historian, started a channel on social media with an objective to make Gen-X aware of our great historical legacy. He released videos, interviews and vlogs to surface the undisclosed and untold facts of Indian History.

One such interview which was about 'India under British Rule' became a controversy and a group of people took to the roads for protest. To avoid any further problem, the State machinery issued an order for removing that interview from the channel and Suraj Bhan was asked to give an apology in public.

Suraj Bhan refused the order and approached the High Court for justice.

In the light of Article 19 of the Indian Constitution, discuss whether the State has acted reasonably or whether Suraj Bhan has rightly refused the orders of State. *3*

**36.** मुकदमा पूर्व-सेवायें क्या हैं ? विशेषकर आपराधिक मामलों में न्याय प्रशासन के लिए यह सेवायें क्यों महत्त्वपूर्ण हैं ? *3*

**अथवा**

वर्ष 2010 में, भारतीय राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा अंगीकृत राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम विधि सेवायें) विनिमय की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड – घ

**37.** सतनाम सिंह और रबिन्दर सेन व्यापार में साझेदार थे । भागीदारी विलेख (Partnership deed) को पंजीकृत किया गया और अन्य खंडों (clauses) के साथ इसमें यह भी प्रावधान था कि भविष्य में उन दोनों के बीच होने वाले किसी विवाद को हल करने के लिए माध्यस्थय (Arbitration) का सहारा लिया जा सकेगा ।

निर्णय लेने की अधिकारिता और मुनाफे की हिस्सेदारी पर उन दोनों के बीच एक विवाद उत्पन्न हो गया ।

इस मामले में सतनाम सिंह के एक दूर के रिश्तेदार श्री संदीप सिंह को मध्यस्थ नियुक्त किया गया । उसने सतनाम सिंह के पक्ष में निर्णय दिया । इस निर्णय से दुखी होकर रबिन्दर सेन ने कानूनी सलाह माँगी ।

(क) भागीदारी विलेख में उल्लिखित माध्यस्थ कौन होगा इसकी पहचान कीजिए ।

(ख) माध्यस्थता की प्रक्रिया का खुलासा कीजिए जिसे एक माध्यस्थ द्वारा अपनाया जाता है ।

(ग) क्या श्री संदीप सिंह द्वारा दिये गये निर्णय को रबिन्दर सेन चुनौती दे सकता है ? कारणों सहित उत्तर दीजिए । *5*

**38.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए जो अपराधिक न्याय प्रणाली में मानवाधिकार संरचना प्रदान करते हैं ? *5*

**अथवा**

**36.** What are pre-litigation services ? Why are these services important in the administration of justice, especially in criminal cases ? *3*

**OR**

Explain the features of National Legal Services Authority (Free and Competent Legal Services) Regulations adopted by the National Legal Services Authority (NALSA) of India in 2010.

## Section D

**37.** Satnam Singh and Rabinder Sen were business partners. The partnership deed was registered and amongst other classes, it also had a provision to adopt Arbitration for resolution of any dispute that may ensue between them in future.

A dispute over decision-making authority and sharing of profits ensued between the two.

Mr. Sandeep Singh, who was a distant relative of Satnam Singh was appointed as Arbitrator in this case. The award was passed in favour of Satnam Singh. Aggrieved by the decision, Rabinder Sen sought legal advice.

(a) Identify the type of arbitrator mentioned in the partnership deed.

(b) Outline the process of arbitration that is followed by an arbitrator.

(c) Can the award passed by Mr. Sandeep Singh be challenged by Rabinder Sen ? State giving reasons. *5*

**38.** Explain the provisions of Article 20 of the Indian Constitution that provides Human Rights framework to the criminal justice system. *5*

**OR**

(क) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों जैसे पिछड़े वर्गों को क्यों सिविल अधिकार संरक्षण, 1955 जैसे विशेष कानूनों की आवश्यकता होती है ?

(ख) अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 338 के प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्रवाईयों का प्रावधान करती हैं ।

**39.** भारत में अपराध–कानून के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

अपकृत्य (torts) में "कठोर उत्तरदायित्त्व" क्या है ? यह "लापरवाही" के अपकृत्य से किस प्रकार भिन्न है ?
भारत में कठोर दायित्त्व के पूरक के रूप में पूर्ण दायित्त्व (absolute liability) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ।

**40.** अंतर्राष्ट्रीय कानून का क्या अर्थ है ? इसकी दो श्रेणियों का उल्लेख कीजिए । अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लेख "सहमति आधारित" प्रशासन के रूप में क्यों किया जाता है ? *5*

**अथवा**

अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) का गठन कब किया गया था ? इसके गठन का क्या उद्देश्य था ? अंतर्राष्ट्रीय निषिद्ध कार्यों से संबंधित मामलों के विचारण के लिए अपराध न्यायालय के क्षेत्राधिकार का उल्लेख कीजिए ।

(a) Why do the Backward Classes like Scheduled Castes and Scheduled Tribes need special laws like Protection of Civil Rights, 1955 ?

(b) Explain the provisions of Article 16 and Article 338 that have provided for actions for safeguarding rights of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

**39.** Explain the objectives of criminal law in India. *5*

**OR**

What is 'Strict liability' in Torts ? How is it different from Tort of 'negligence' ?

Explain the concept of absolute liability as a corollary of strict liability in India.

**40.** What is meant by International Law ? State its two categories. Why is international law referred to as 'consent-based' governance ? *5*

**OR**

When was International Criminal Court (ICC) formed ? What was the objective behind its formation ? State the jurisdiction of ICC to try matters regarding the forbidden acts.